रणजीत टाइम्स
इंदौर
सोमवार, 7 जुलाई, 2025
वर्ष 01 | अंक 170 | कुल पृष्ठ : 8 | Digital
RNI-NO.MPHIN/2015/64585
प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे

# विकास कार्यों की सौगात

## आकाश विजयवर्गीय ने सांसद शंकर लालवानी एवं महापौर पुष्यमित्र भार्गव के साथ किया विकास कार्यों का लोकार्पण भूमिपूजन

**रणजीत टाइम्स**

**इंदौर। भाजपा को विरासत में जो विचार मिले हैं उन विचारों को भाजपा कार्यकर्ताओं ने जीवित रखा है और उसी विचारधारा से आज हम सभी मिलकर राष्ट्र निर्माण में लगे हुए हैं। अंत्योदय के नारे के साथ अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचे यही हमारा संकल्प है। यह बात पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय ने विधानसभा 1 के वार्ड 11 में 12 करोड़ 46 लाख के विकास कार्यों के भूमिपूजन और लोकार्पण कार्यक्रम के अवसर पर कही।**

### भाजपा कार्यकर्ता विचार धारा के साथ चलते हैं

इस अवसर पर बोलते हुए आकाश विजयवर्गीय ने कहा कि आज जनसंघ के संस्थापक श्यामाप्रसाद मुखर्जी की जयंती है। एक समय कश्मीर में अलग झंडा और अलग संविधान चलता था, तब हमारे नेता श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने कहा कि एक देश में दो प्रधान, दो विधान, दो निशान नहीं चल सकते। तब कांग्रेस के लोगों ने उनको जेल में रखा और वहीं पर उनकी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई, लेकिन भाजपा के कार्यकर्ताओं ने उनके विचार को जीवित रखा और आज जब हम मजबूत बने तो कश्मीर से धारा 370 हटाकर उसको भारत का अभिन्न अंग बनाया। भाजपा विचारधारा पर चलने वाली पार्टी है।

एक विचार हमारे नेताओं ने लिया कि जहां रामलला का जन्म हुआ मंदिर वहीं बनाएंगे। जिन्होंने यह विचार रखा था वह तो दुनिया से चले गए, लेकिन कार्यकर्ताओं ने उनके विचार को जीवित रखा और कहा कि रामलला हम आएंगे और मंदिर वहीं बनाएंगे। कांग्रेस ने इस नारे का मजाक बनाया और कहा कि तारीख नहीं बताएंगे, लेकिन जैसे ही केंद्र में हमारी मजबूत सरकार बनी अयोध्या में रामलला का भव्य मंदिर बन गया। कांग्रेस ने हर तरीके से राम मंदिर का विरोध किया भाजपा के कार्यकर्ता विचार को आत्मसात करते हैं और उस संकल्प को सिद्धी में बदलते हैं। अब भाजपा ने एक विचार दिया है कि 2047 में भारत को विश्व का नंबर वन देश बनाएंगे ऐसा विचार हमारे प्रधानमंत्रीजी ने दिया है। पहले भारत सातवे नंबर पर था। अब भारत चौथे पर आ गया है। अभी हमने हमारे ऊपर शासन करने वाले ब्रिटेन को पीछे छोड़ा है। मोदीजी का संकल्प है कि 2047 तक अमेरिका और चीन को पीछे छोड़कर नंबर वन बनना है।

### सरकारी स्कूल होंगे सर्वसुविधायुक्त

आज हम 12.5 करोड़ के विकास कार्यों का शुभारंभ कर रहे हैं। एम आर -4 निर्माण में जिन रफेली के रहवासियों के मकान अधिग्रहित हो रहे हैं उनको संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि उस स्थान के सामने जो खाली जगह है वहां पर इन लोगों को आवास देने का प्रयास किया जाएगा। प्रधानमंत्री आवास विस्थापित लोगों को दिया जाएगा। वर्तमान में विधानसभा 1 के सभी स्कूलों को सर्वसुविधा युक्त करने के प्रयास चल रहे हैं, जिससे वे प्राइवेट स्कूलों से बेहतर हो जाएं। इससे पहले विधानसभा 2 और 3 में हम सभी स्कूलों को सर्वसुविधायुक्त कर चुके हैं। इसलिए हमने संकल्प लिया है कि सभी सरकारी स्कूल आदर्श बनेंगे सभी स्कूलों को फर्नीचर, कम्प्यूचर लैब, ऑरो वॉटर, झूले-चकरी, जिम का सामान दिया जाएगा। क्षेत्र के सभी 176 बगीचों में ओपन जिन और झूले-चकरी की व्यवस्था करने वाले हैं। भारत को 2047 तक नंबर वन बनाना है तो हर क्षेत्र को उन्नत बनाना होगा। अंतिम व्यक्ति तक योजना का लाभ पहुंचे, विकास पहुंचे, हर काम पहुंचे यह भाजपा की सोच है। इसलिए आज हर घर में सरकारी योजनाओं के हितग्राही हैं।





### भागीरथपुरा सिंहस्थ की लाइफ लाइन है- शंकर लालवानी

इस अवसर पर बोलते हुए सांसद शंकर लालवानी ने कहा कि पिछले सिंहस्थ में हमने भागीरथपुरा के विकास की योजना बनाई और उस पर काम शुरू किया। मास्टर प्लान की एक सड़क केवल कागज पर थी। उसके लिए मिल वालों से बात की क्योंकि उस जमीन का विवाद कोर्ट में चल रहा था। उनसे समझौता कर सड़क बनाने का रास्ता साफ किया। इसके अलावा भी समस्याएं आई लेकिन इसके बावजूद हमने उस सड़क को बनाया। आने वाले समय में रेलवे स्टेशन से लेकर आईएसबीटी तक सड़क का निर्माण हो जाएगा। भागीरथपुरा को नंबर वन बनाने के लिए हम सभी मिलकर कार्य करेंगे। भागीरथपुरा सिंहस्थ की लाइफ लाइन है। यहां पर दो ब्रिज बन रहे हैं। रेलवे स्टेशन का काम भी काफी तेजी से चल रहा है। भागीरथपुरा में आने वाले समय में काफी काम होने वाले हैं। इस अवसर पर बोलते हुए महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि इंदौर की आबादी 40 लाख की है और पानी की व्यवस्था नर्मदा जल से 30 लाख लोगों की होती है। अभी नर्मदा का 450 एमएलडी पानी 70 किलोमीटर दूर से आता है। सभी को पानी तभी मिलेगा जब इंदौर में 900 एमएलडी नर्मदा जल आएगा। ऐसे में 2040 तक हमारे ऊपर नर्मदाजी की कृपा बनी रहेगी। नर्मदा जल के चौथे चरण को नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और मुख्यमंत्री मोहन यादव ने स्वीकृत कर दिया है इसलिए 3 साल में ज्यादातर लोगों को नर्मदा जल मिलने लगेगा, लेकिन तीन साल लोगों को पेयजल की आपूर्ति बोरिंग और टैकर के जरिए की जाती रहेगी। पिछले 3 सालों में हमने एक हजार किलोमीटर पानी की लाइन और दो सौ किलोमीटर ड्रेनेज की लाइन डाली है। 3 नंबर में आकाश विजयवर्गीय ने बेहतर काम किया है इसलिए अब वहां पर काम करने के लिए काम ढूंढना पड़ता है। पार्षद कमल वाघेला ने 3 साल में वार्ड में 10 करोड़ के काम किए हैं जो शेष वार्डों के लिए एक मिसाल है। भागीरथपुरा को आने वाले दो साल में तय सीमा से 5 गुना ज्यादा बजट विकास के लिए दिया जाएगा। क्षेत्रीय पार्षद कमल ने कहा कि एमआर-4 से इस क्षेत्र का काया पलट हो गया है। मकानों के दाम में काफी वृद्धि देखी गई है। लक्ष्मीबाई रेलवे स्टेशन पर ढाई हजार करोड़ की लागत से नवनिर्माण हो रहा है। रफेली क्षेत्र के जिन लोगों के मकान सड़क निर्माण की वजह से टूट रहे हैं उनको उचित मुआवजे के साथ आवास की व्यवस्था की जाएगी। भागीरथपुरा में 24 नई सड़कों का निर्माण किया गया है। सड़क निर्माण से पहले ड्रेनेज और पानी की लाइन डाली गई है,जिससे सड़कों को बाद से किसी तरह की क्षति ना पहुंचे।

### 12 करोड़ 46 लाख के विकास कार्यों के भूमिपूजन और लोकार्पण

विकास कार्यों के क्रम में 5 लाख की लागत से भागीरथपुरा के उद्यानों में ओपन जीम एवं बच्चों के लिए झूले एवं फिसल पट्टियों का लोकार्पण, 25 लाख की लागत से शासकीय आयुष्मान आरोग्य अस्पताल भवन का लोकार्पण, 3 करोड़ 30 लाख की लागत से भागीरपुरा में 25 स्थानों पर ड्रेनेज लाइनों के निर्माण कार्य का लोकार्पण, 3 करोड़ की लागत से भागीरथपूरा में 21 स्थानों पर सीमेंट-क्रांकीट सड़क एवं बेक लाइन का निर्माण, 2 करोड़ की लागत से भागीरथपूरा के विभिन्न क्षेत्र में नर्मदा की एस. डी. पी. पाइप लाइन बिछवाने के कार्य का लोकार्पण, 2 करोड़ की लागत से सरस्वती धाम सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन, 14 लाख की लागत से भागीरथपुरा पानी की टंकी परिसर में कमरों का निर्माण, 78 लाख की लागत से राम मंदिर मामा जी की धर्मशाला से शिव मंदिर कालू दादा के बाड़े तक सीमेंट-क्रांकीट सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन, 25 लाख की लागत से योग केन्द्र का, भूमिपूजन, 18 लाख की लागत से भगवान नकसवाल जी वाली गली का सीमेंटीकरण, अंकिता दीदी के निवास से आरती बंदेया दीदी के निवास तक सीमेंट-क्रांकीट रोड कार्य का भूमिपूजन, अंकुश जी के निवास से संतोष बेरनार जी के निवास तक रोड का सीमेंटीकरण कार्य का भूमिपूजन, नरेश चावला जी एवं तिवारी जी वाली बेक लाइन निर्माण कार्य का भूमिपूजन, 31 लाख की लागत से डी.पी लाइन कॉलोनी से पूनम जी सांवरिया जी के निवास तक मेन रोड़ का सीमेंटीकरण का भूमिपूजन, सुनील रघुवंशी जी के निवास से मंजू बोरासी जी के निवास तक सीमेंटीकरण कार्य का भूमिपूजन, 20 लाख की लागत से रफैली सामुदायिक भवन के पीछे बैंक लाइन एवं सीमेंटीकरण का भूमिपूजन किया गया। इसी के साथ ही आयुष्मान आरोग्य मंदिर की नवनिर्मित इमारत की सौगात क्षेत्रवासियों को दी गई। जिससे यहां पर लोगों को विभिन्न प्रकार की बीमारियों के इलाज की सुविधा मिलेगी साथ ही प्रशिक्षित स्टॉफ की सेवाएं भी लोगों को मिल सकेगी। विभिन्न समाजों ने किया आकाश विजयवर्गीय का स्वागत वार्ड 11 में मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय ने छह समाजों को धर्मशालाओं के लिए राशि प्रदान की थी। राशि प्राप्त करने वाले क्षत्रीय समाज, अहिरवार समाज, माली समाज, लखेरा समाज और कोरी समाज ने आकाश विजयवर्गीय का सम्मान कर आभार व्यक्त किया। भूमिपूजन और लोकार्पण कार्यक्रम का आयोजन अटल उद्यान, पानी की टंकी के पास भागीरथपुरा में किया गया था। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता, स्थानीय रहवासियों के अलावा प्रशासनिक अमले से संबंधित अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर आकाश विजयवर्गीय का ढोल-ताशों, हार-फूल, केसरिया दुपट्टों के साथ भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ सांसद शंकर लालवानी जी, महापौर पुष्यमित्र भार्गव एवं पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय द्वारा दीप प्रज्वलित कर और महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण के साथ हुआ। कार्यक्रम में आट्या-पाट्या की स्वर्णपदक विजेता सिमरन प्रीतमपाल, बॉक्सिंग के नेशनल चैंपियन अरुण वर्मा, कराटे खिलाड़ी उज्जवल, योग साधिका मंजू बौरासी और मोदीजी के उम्दा पेंटिंग बनानेवाली चित्रकार मधु कोठे को सम्मानित किया गया।

# सरकारी ताजिए सहित निर्माणकर्ता एवं कलाकारों का किया सम्मान शहर काजी को शॉल उड़ा कर प्रतीक चिह्न दिया

**रणजीत टाइम्स**

**संस्था सर्वधर्म संघ द्वारा हर साल की तरह इस साल भी यशवंत रोड पर मंच लगाकर कर्बला जाने वाले तमाम अखाड़े एवं ताजिए के संचालक कर्ताओं एवं कलाकारों का सम्मान इस मंच से किया गया।**

संस्था अध्यक्ष मंजूर बेग ने होलकर वंश के जमाने से लगातार सरकारी ताजिए का निर्माणकर्ता एवं मुख्य शहर काजी डॉक्टर इशरत अली को शॉल उड़ाकर प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया गया इस कड़ी में किन्नर समाज एवं खटीक समाज के ताजियों का भी स्वागत कर प्रतीक चिन्ह दिए गए ताजिए अखाड़े झांकियों के उस्ताद खलीफा कलाकारों को भी चंदन की





माला पहना कर प्रतीक चिन्ह दिए गए इस अवसर पर मुख्य रूप से उपाध्यक्ष रियाज खान नवीन बजाज सोहेल पठान बाबा माहिर शाह जफर खान रवीश पचोरिया सुभाष दीवान धर्मेंद्र पेमल एजाज कुरैशी समीर बैग गोलू शेख फैजान बैग पत्रकार जाकिर खान फरहान बेलिम शकील खान मोनू खान आदि लोग मौजूद थे ।।

# प्रकृति संरक्षण और प्राकृतिक संसाधनों का संवर्धन भारतीय परंपराओं में निहित है - डॉ. भरत शर्मा

### "दुर्लभ, विलुप्तप्राय, संकटापन्न प्रजातियों का पुनर्स्थापना आयोजन"

उक्त वक्तव्य डॉ. भरत शर्मा - सदस्य संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार ने वनमंडलाधिकारी आईएफएस प्रदीप मिश्रा और पूर्व पीसीसीएफ डॉ पी सी दूबे के सहयोग से दुर्लभ, विलुप्तप्राय, संकटापन्न प्रजातियों के संरक्षण के प्रकल्प में इंदौर में शासकीय होलकर विज्ञान( आदर्श स्वशासी )महाविद्यालय परिसर में लगभग ५००० विलुप्तप्राय पौधारोपण के कार्यक्रम में दिया। आपने कहा की विश्व ग्लोबल वार्मिंग के अनचाहे प्राकृतिक समस्या के प्रति गंभीर है और ऐसे में ऐसे प्रकल्प महात्वूर्ण भूमिका निभाते है, नहीं वो वह समय भी दूर नहीं की पानी की तरह अब शुद्ध हवा भी ख़रीदनी पड़े । प्रत्येक व्यक्ति को अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर इस प्रकल्प में अपनी आहुति देना चाहिए और केवल पौधरोपण तक सीमित ना रहकर उस पौधे को विकसित होने तक संरक्षित करने का भी संकल्प लेना चाहिए। म.प्र. लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष श्री राजेशलाल मेहरा जी ने भी भारतीय परंपराओं में निहित हमारी संस्कृति के माध्यम से प्रकृति संरक्षण के प्रति हमारी चेतना से अवगत कराया ।

आईआरएस कमिश्नर कस्टम श्री राजीव अग्रवाल ने भारत के विभिन्न क्षेत्रों में एकल प्रयासों से प्रकृति संरक्षण के सफल प्रयासों की जानकारी दी और कहा कि हम इसमें अपनी जिम्मेदारी सुनिश्चित करें। उल्लेखनीय है कि उक्त कार्यक्रम को वर्ल्ड बुक ऑफ़ रिकॉर्ड्स ने



अभिस्वीकृति देकर सीईओ संतोष शुक्ला जी के द्वारा इसमें सहभागिता करने वाले और आयोजकों को शॉल, स्मृति चिह्न से सम्मानित किया । इस प्रोत्साहन से पूरे सभागार में तालियाँ गूंज उठी । डॉ संतोष शुक्ला ने इस आयोजन पर सभी को बधाई देते हुए विश्व में अन्य देशों में ऐसे कार्यों का उल्लेख किया और समृद्ध भारतीय प्रयासों की जानकारी दी। उक्त अवसर पर वर्ल्ड बुक ऑफ़ रिकॉर्ड्स से सांस्कृतिक विरासतों के संरक्षण और संवर्धन व भारतीय संस्कृति के प्रसार के लिए उल्लेखनीय योगदान देने पर डॉ. भरत शर्मा का सम्मान भी किया गया । महाविद्यालय की प्राचार्या मेजर डॉ अनामिका जैन ने स्वागत भाषण दिया और पुषगुच्छ से सभी अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम संयोजन वरिष्ठ शिक्षक डॉ संजय व्यास ने बखूबी किया। कार्यक्रम में विशेष रूप से आईएएस प्रबल सिपाहा, जीएसटी अधीक्षक कमल सिंग डाबी, शिक्षाविद विक्रम त्रिवेदी, वर्ल्ड बुक रिकॉर्ड्स के प्रतिनिधि के रूप में राजेश शुक्ला,



राजीव श्रीवास्तव, तिथि भल्ला, अपूर्वा मेनन, डॉ नागेश डगाँवकर, डॉ एम पी श्रीवास व महाविद्यालय के अधिकारी व छात्र सभागार में उपस्थित रहे ।

# सेवा सप्ताह के पावन अवसर पर विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल शिवपुरी द्वारा मुक्तिधाम परिसर में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया



इस अभियान में नगरपालिका CMO सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने सहभागिता कर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक प्रेरणादायी कदम उठाया। कार्यक्रम का उद्देश्य सिर्फ पौधे लगाना नहीं था, बल्कि प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारी, और स्वच्छता व हरियाली के लिए जनजागरूकता फैलाना भी था। सेवा सप्ताह के अंतर्गत जिलेभर में मंदिरों व मुक्तिधामों की सफाई, पौधारोपण व जनसेवा के अनेक कार्य किए जा रहे हैं। आज का दिन इस बात का प्रतीक है कि जब संगठन और समाज एक साथ आते हैं, तो बदलाव की नींव मजबूत होती है। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल के विभाग, जिला एवं नगर के पदाधिकारी सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे और सभी ने मिलकर कार्यक्रम को सफल बनाया। "एक वृक्ष – सौ जीवन। चलिए, मिलकर प्रकृति को उसका खोया हुआ सम्मान लौटाएं।"

# मदनलाल मंडलोई का भव्य सेवानिवृत्ति समारोहः 42 वर्षों का स्वर्णिम योगदान पूर्ण

**राजेश धाकड़**

इंदौर ग्राम पीपलदा,मध्यप्रदेश शिक्षा विभाग के वरिष्ठ और समर्पित शिक्षाविद् मदनलाल जी मंडलोई के 42 वर्षों, 4 माह और 8 दिनों के निष्ठापूर्ण सेवाकाल का समापन एक भव्य सेवानिवृत्ति समारोह के साथ ग्राम पीपलदा में संपन्न हुआ। यह ऐतिहासिक समारोह, न केवल उनके शिक्षकीय जीवन की गरिमा का उत्सव बना, बल्कि पूरे ग्राम के लिए गर्व और प्रेरणा का क्षण रहा।

## शिक्षा यात्रा की शुरुआत

श्री मंडलोई ने 21 फरवरी 1983 को शिक्षा विभाग में अपने सेवाकाल की शुरुआत की थी। चार दशकों से अधिक लंबे इस कालखंड में उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में अनुकरणीय योगदान दिया। उनकी सेवा सदैव निष्कलंक, अनुशासित और कर्तव्यनिष्ठ रही। उनकी इसी समर्पण भावना के






लिए वर्ष 2024 में उन्हें जिले के कलेक्टर द्वारा विशेष रूप से सम्मानित भी किया गया था।

## समारोह की झलकियाँ

सेवानिवृत्ति समारोह की शुरुआत डीजे और ढोल-नगाड़ों के साथ ग्राम भ्रमण से हुई, जिसने समूचे गाँव को उत्सव के रंग में रंग दिया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, सामूहिक स्वागत और अभिनंदन पत्रों के माध्यम से ग्रामवासियों और सहकर्मियों ने मंडलोई के प्रति अपनी श्रद्धा और सम्मान व्यक्त किया।

## उल्लेखनीय उपस्थिति

इस गरिमामय अवसर पर अनेक गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति ने आयोजन को और भी विशेष बना दिया।

मुख्य अतिथिः राऊ विधायक मधु वर्मा विशिष्ट अतिथिः पूर्व विधायक जीतू जिराती, भाजपा जिला अध्यक्ष श्रवण सिंह चावड़ा, प्रदेश किसान मोर्चा मंत्री रवि रावलिया, जिला पंचायत अध्यक्ष मती रीना सतीश मालवीय, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष घनश्याम पाटीदार, पूर्व जिला अध्यक्ष घनश्याम नारोलिया, मंडल अध्यक्ष मुरली व्यास, धर्मेन्द्र वर्मा, सरपंच किशन मंडलोई सहित अनेक जनप्रतिनिधियों व सामाजिक कार्यकर्ताओं की सहभागिता रही।

समापन में भावुक क्षण समारोह के अंत में श्री मंडलोई ने सभी ग्रामवासियों, सहकर्मियों और अपने परिजनों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि "मेरे जीवन की सबसे बड़ी पूंजी समाज का यह स्नेह और विश्वास है।" इस समारोह ने यह सिद्ध कर दिया कि जब कोई व्यक्ति निष्ठा, सेवा और समर्पण के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करता है, तो समाज उसे सदा-सदा के लिए सम्मानित करता है।

# अरावली परिसर की बदहाल व्यवस्था देखने पहुंचे एनजीओ के अस्थायी कर्मचारी, रहवासियों ने जताया विरोध

**राजेश धाकड़**

**इंदौर, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत भूरी टेकरी स्थित अरावली परिसर में व्यवस्थाओं की बदहाली और अनियमितताओं को लेकर रहवासी एक बार फिर आक्रोशित हो गए। रहवासियों की लगातार शिकायतों और जनसुनवाई में जिला कलेक्टर से की गई शिकायत के बाद नगर निगम द्वारा मौके पर निरीक्षण के लिए उच्च अधिकारियों को भेजने की बात कही गई थी। लेकिन शनिवार को निगम अधिकारियों की जगह एनजीओ के टेम्परेरी कर्मचारियों को भेजा गया, जिनके पास न तो आवास योजना की जानकारी थी और न ही समस्याओं के समाधान की कोई स्पष्ट दिशा।**

## नियमों की खुली अनदेखी, रहवासी नाराज़

रहवासियों ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बनाए गए 2BHK और 3BHK फ्लैट को नियमों को दरकिनार कर जोड़कर एक कर दिया गया है। यह कार्य निगम की अनुमति के बिना किया गया, जो कि मध्यप्रदेश प्रकोष्ठ स्वामित्व अधिनियम का खुला उल्लंघन है। यह नियम स्पष्ट करता है कि किसी भी बहुमंजिला भवन की मूल संरचना में तोड़-फोड़ नहीं की जा सकती। इस बारे में रहवासियों ने



कई बार लिखित शिकायतें कीं, लेकिन नगर निगम की ओर से कोई कार्यवाही नहीं की गई।

## रहवासियों ने लगाए भ्रष्टाचार के आरोप

स्थानीय रहवासियों का आरोप है कि निगम के जिम्मेदार अधिकारी और प्रधानमंत्री आवास योजना से जुड़े कुछ लोग अवैध फ्लैट संयुक्तिकरण करने वालों से मिलीभगत कर मामले को दबा रहे हैं। सीवरेज की समस्या, दीवारों में सीलन, अधूरी बाउंड्री वॉल और टॉयलेट का पानी नीचे के फ्लैट में जाने जैसी गंभीर समस्याएं लगातार बनी हुई हैं, लेकिन समाधान के नाम पर केवल खानापूर्ति की जा रही है।

## बिना अनुमति मर्ज करने की मिली सलाह!

एक स्थानीय रहवासी ने बताया कि उन्होंने अपने और अपने भाई के फ्लैट को मर्ज करने की अनुमति के लिए नगर निगम कार्यालय से संपर्क किया था। अधिकारियों ने स्पष्ट रूप से नियमों का हवाला देकर मना कर दिया और मौखिक रूप से यह कहा कि "जैसे बाकी लोगों ने किया है, वैसे आप भी बिना अनुमति कर लीजिए।" इस रवैये से आहत रहवासियों का कहना है कि यदि यह मर्जिंग अवैध है तो पहले किए गए निर्माण पर कार्रवाई क्यों नहीं की गई?

## रहवासियों ने प्रशासन से मांग की है किः

अवैध फ्लैट मर्जिंग की निष्पक्ष जांच की जाए सीवरेज, सीलन और अन्य निर्माण से जुड़ी समस्याओं का शीघ्र समाधान हो आवास योजना में हो रहे भ्रष्टाचार पर रोक लगे अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाए और दोषियों पर सख्त कार्रवाई हो इंदौर नगर निगम और आवास योजना विभाग को इस मामले को गंभीरता से लेते हुए पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ कार्य करना चाहिए, जिससे जनता का विश्वास बना रह सके।

# पहली बार शिवपुरी में निकाली गई जगन्नाथजी यात्रा



**ऋषि गोस्वामी**

शिवपुरी। पुरी में निकाली जाने वाली श्री जगन्नाथ यात्रा की तर्ज पर पहली बार शिवपुरी में भी यह ऐतिहासिक आयोजन 6 जुलाई को किया गया। इसकी तैयारी में जहां प्रशासन जुटा हुआ था वहीं भक्त मंडल सदस्यों ने भी पूरी तैयारी कर ली है। थी जिला मुख्यालय शिवपुरी पर इस्कॉन शिवपुरी के तत्वावधान में श्रीजगन्नाथ रथ यात्रा महोत्सव का आयोजन 6 जुलाई को किया गया है। यह यात्रा अंतरराष्ट्रीय कृष्ण भावनामृत संस्थापक संघ (इस्कॉन) आचार्य अभय चरणारविंद भक्तिवेदांत स्वामी शील प्रभुपाद के आशीर्वाद से निकाली गई। शोभायात्रा रविवार को शाम 4 बजे तात्याटोपे पार्क से दिव्य शंख, ध्वनि, वैदिक मंत्रोचारण के साथ रथ यात्रा का शुभारंभ किया जाएगा। शोभायात्रा नगर में राजेश्वरी रोड होते हुए गुरुद्वारा से होकर, माधवचौक, कोर्ट रोड, अस्पताल चौराहा होते हुए अग्रसेन चौराहा, एम एम हॉस्पिटल होते हुए पोहरी चौराहे से होकर इस्कॉन मंदिर पर संपन्न होगी। इस भव्य धार्मिक रथ यात्रा में भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और देवी सुभद्रा का पावन रथ रहा। आयोजन ने बताया कि यह मात्र एक महोत्सव नहीं, बल्कि स्वयं परमात्मा से जुड़ने, प्रेम और एकता का अनुभव करने का एक अनुपम अवसर है। इसलिए सब मिलकर इस आध्यात्मिक यात्रा में भगवान की रथ यात्रा का रथ खींचकर पुण्य अर्जन किया। इस यात्रा में पुलिस बल के साथ शिवपुरी जिले की कमान कलेक्टर रविंद्र कुमार चौधरी और वही एसपी अमन सिंह राठौड़ भी मौजूद रहे।

रणजीत टाइम्स 04
इंदौर, सोमवार 7 जुलाई 2025

# सहजयोग ध्यान का अभ्यास

## सरलता से सत्वगुण को प्रभावी बना देता है

एक यात्री जंगल में जा रहा था, तीन चोरों ने उसे घेर कर लूट लिया। एक ने उसे मार देना चाहा, किंतु दूसरे ने उसे बचा लिया पर उसे रस्सी से बांध दिया, और तीनों अपने रास्ते चले गए। फिर तीसरा चोर लौट आया और उसने मनुष्य को बंधन से मुक्त करके जाने का मार्ग दिखा दिया। यात्री ने उसे धन्यवाद देकर अपने घर चलने की प्रार्थना की किंतु उसने अपनी सीमा पार करने में असमर्थता व्यक्त की और



वहां से चला गया। कहानी बड़ी साधारण है परंतु इससे दर्शन की शिक्षा मिलती है। प्रकृति के भी तीन गुण है सत्व रज और तम। सृष्टि रचना के पूर्व प्रकृति के तीनों गुणों की समान एवं शांत अवस्था होती है तथा गुणों की विषमता द्वारा सृष्टि की रचना होती है समस्त सृष्टि त्रिगुणमयी है। मनुष्य की प्रकृति भी त्रिगुणात्मक अर्थात रज, तम और सत्व है। तीनों गुणों में सत्व गुण सर्वोत्कृष्ट है यह निर्मल होने के कारण प्रकाश करने वाला है एवं मनुष्य को सुख का अनुभव कराता है तथा ज्ञान और वैराग्य उत्पन्न करता है। सत्व गुण के मनुष्य ऊर्ध्वगामी होते हैं।सत्व गुण, रजोगुण और तमोगुण को दबाकर बढ़ जाता है तथा मनुष्य को नैतिकता में स्थिर करके आध्यात्मिकता की ओर प्रेरित करता है।

रजोगुण तृष्णा से उत्पन्न होता है तथा तृष्णा को बढ़ाता है इसका परस्पर संबंध है। रजोगुण मनुष्य को कर्म में प्रवृत्त करता है तथा मनुष्य को चंचल बना देता है। रजोगुण जब सत्व गुण और तमोगुण को दबाकर बढ़ जाता है तब मनुष्य को लोभ, स्वार्थ बुद्धि और सांसारिक चेष्टा में लगा देता है। रजोगुण का फल दुख और अशांति है। रजोगुण के मनुष्य मध्यम श्रेणी के होते हैं। तमोगुण निकृष्ट होता है तथा अज्ञान को बढ़ाता है। प्रमाद और आलस्य को बढ़ाकर मनुष्य को नष्ट करता है। तमोगुण जब सत्व गुण और रजोगुण को दबाकर बढ़ जाता है तब यह मोह उत्पन्न करता है। तमोगुण मनुष्य अधोगामी होता है।

इस कहानी में यह संसार एक जंगल है। वह यात्री मनुष्य और वह तीनों चोर तीन गुण- सत्व, रज, तम है। तमोगुण उस मनुष्य को मारना चाहता है किंतु रजोगुण जो तृष्णा से उत्पन्न होता है वह उसे लोभ आदि से बांध देता है सत्व गुण मनुष्य को निर्मल बनाकर सुख और शांति का अनुभव करा देता है और मनुष्य को मुक्त करके ईश्वर प्राप्ति का मार्ग बता देता है, किंतु वह स्वयं ब्रह्म तक नहीं पहुंच सकता क्योंकि मनुष्य को सत्व गुण से परे जाकर उच्च अवस्था को प्राप्त करने के लिए अर्थात ब्रह्म तक पहुंचने के लिए साधना रत अर्थात ध्यान मग्न होना पड़ता है। यहीं से आरंभ होता है सहज योग का सरल मार्गदर्शन। जो बताता है कि एक सत्व गुण की प्रवृत्ति रखने वाला मनुष्य कितनी सरलता से घर बैठे ईश्वर के अनुभव जन्य ज्ञान को पा सकता है वह भी बिना एक रुपया खर्च किए। अपने नजदीकी सहजयोग ध्यान केंद्र की जानकारी हेतु टोल फ्री नंबर 1800 2700 800 पर संपर्क कर सकते हैं।

# आनंद कस्तूरी के समान हृदय में होता है यह बाह्य में प्राप्त नहीं हो सकता : श्री माताजी

आपने कस्तूरीमृग की कहानी सुनी होगी । कस्तूरीमृग की नाभि में कस्तूरी होती है, जिसकी सुगंध बड़ी ही मनमोहक होती है ।उस मनभावन सुगंध की चाह में मृग पूरे जंगल की दौड़ लगाता है, थक जाता है परंतु उसे उस सुगंध का पता नहीं चलता। हम और आप सभी उसी कस्तूरीमृग की भांति हैं, जो अपनी सुगंध, अपने जीवन का आनंद संपत्ति, पद, प्रतिष्ठा, घर-कारोबार में ढूंढते हैं । ये सारी चीजें पाने की चाह में सारा जीवन निकल जाता है,परंतु आनंद नहीं मिलता। परमपूज्य श्री माताजी श्री निर्मलादेवी कहते हैं कि, आपकी कस्तूरी तो आपके हृदय में छुपी होती है । और सहजयोग में आत्मसाक्षात्कार प्राप्त करने के बाद इस कस्तूरी का साक्षात् संभव हो जाता है। परंतु ये आप तभी प्राप्त कर सकते हैं जब आप पर श्री गणेश प्रसन्न होते हैं, क्यों कि श्री गणेश पृथ्वीतत्व के स्वामी हैं और उन्हें पाने के लिए आपको ध्यान करना होगा। पर ध्यान कैसे करें?



श्री माताजी कहते हैं, पहले अपने को प्रेम से भर लो । आप जानते हैं मैं आपकी माँ हूं और माँ होने का मतलब है संपूर्ण संरक्षण। कोई भी चीज गड़बड़ नहीं होनेवाली । आप मेरी ओर हाथ करिये । धीरे-धीरे आँख बंद करके अपने विचारों की ओर देखिये, आप निर्विचार हो जायेंगे । श्री माताजी कहते हैं, पहले अपने को इतना बता दो कि आज से किसी को कोई सी भी चोट मैं नहीं पहुंचाऊंगा और उन सब को प्रभु आप क्षमा कर दो, जिन्होंने मुझे चोट पहुंचाई हो । और मुझे भी क्षमा करो क्योंकि मैने दुनिया में बहुत लोगो को जाने अनजाने में चोट दी है । आप जो कहेंगे वही परमात्मा आपके साथ करेगा । आप उससे कहोगे कि ' प्रभु शान्ति दो, तो वो तुम्हे शान्ति देगा । आप अगर उन्हे मांगते हो की , प्रभु मुझे संतोष दो, मेरे अंदर सुंदर चरित्र दो, तो वो तुम्हें ये सारी शक्तियाँ देंगे । आत्मसाक्षात्कार प्राप्त करने के बाद आपका उस चैतन्य शक्ति से मिलन हो गया । अब आपकी प्रार्थना अर्थपूर्ण हो जाती है, आप अपने-आपसे खुश रहने लगते हैं, आप अपने आप में प्रसन्नता का, संतोष का,समाधान का अनुभव करने लगते हैं । दैनिक जीवन में कभी आप असंतुलित भी होते हैं तो आत्मपरीक्षण से जान जाते हैं कि, मैंने कहाँ गलती की तथा आप उसे सुधारने का पूर्ण प्रयास करते हैं । ध्यान से प्राप्त आनंद को आप बाँटना चाहते हैं । आप अपनी क्षमता को पूर्णतः विकसित करने के लिए प्रयासरत हो जाते हैं । अतः चिर आनंद की कस्तूरी रूपी सुगंध को पाने हेतु सहजयोग अपनाएं। सहजयोग पूर्णतया निशुल्क है सहजयोग ध्यान केंद्र की जानकारी टोल फ्री नंबर 1800 2700 800 से प्राप्त की जा सकती है।

# धर्मवीर सेवा संस्थान द्वारा जरूरतमंद बच्चों को निःशुल्क शैक्षणिक सामग्री का वितरण

इंदौर। धर्मवीर सेवा संस्थान ने अपने सामाजिक उत्तरदायित्व का निर्वहन करते हुए इंदौर की झुग्गी-झोपड़ियों एवं मध्यमवर्गीय परिवारों से चयनित बच्चों को निःशुल्क शैक्षणिक सामग्री वितरित की। यह आयोजन महक वाटिका गार्डन, रोबोट चौराहा, एम.आर.-9 रोड पर सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम में संस्था के कार्यकारिणी अध्यक्ष श्री सौरभ पांडे ने बताया कि विद्यार्थियों को पुस्तकें, स्कूल बैग, पेन-पेंसिल, टिफिन बॉक्स सहित अन्य आवश्यक शैक्षणिक सामग्री प्रदान की गई, जिससे वे शिक्षा की ओर आत्मविश्वास और संबल के साथ



अग्रसर हो सकें। उन्होंने कहा कि संस्थान का उद्देश्य आर्थिक रूप से पिछड़े बच्चों को शिक्षा के अवसर प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संघ संचालक श्री जयंत जी मुले मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में शिक्षा को समाज परिवर्तन का माध्यम बताया और संस्थान की इस पहल की सराहना की, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एडिशनल डीसीपी श्री अमरेन्द्र सिंह (इंदौर जोन-2) उपस्थित रहे। डीसीपी सर ने संस्था द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की, एवं घुमंतू समाज एवं जनजाति समाज के बच्चों को शिक्षा का महत्व बताया, विशिष्ट अतिथि श्री अशोक अधिकारी, समाजसेवी श्रीमती लीना चौहान, श्रीमती कामिनी केदार, श्री खेमचंद चौरसिया, एडवोकेट दीपक चौहान (घुमंतू कार्य के जिला संयोजक) , श्री मोहन राठौर, कपिल बारे, दुर्गेश गोलकर एवं संस्थान के सभी गणमान्य सदस्य विषेश रूप से उपस्थित रहे।

## हीरे की चमक तो सभी को अच्छी लगेगी परन्तु उसके महत्व को जानने वाला ही उसे खरीदेगा-पुज्या मुक्ति प्रभाजी म.सा




### तीन दिवसीय सामूहिक नवकार महामंत्र के जाप प्रारंभ

रणजीत टाइम्स

मेघनगर ! आपकी सीजन ख़त्म हुई अब हमारी सीजन शुरु हो गई उक्त पक्ति के साथ चतुर्मास हेतु श्री अणु स्वाध्याय भवन पर विराजित जिनशासन गौरव आचार्य भगवंत उमेश मुनिजी एवं प्रवर्तक जिनेन्द्र मुनिजी की आज्ञा पालक पूज्या महासती पूज्या मुक्ति प्रभाजी, पूज्या कांतिलताजी, पूज्या प्रशम प्रभाजी, पुज्या समप्रभाजी, पुज्या ऋजुताजी म.सा आदि ठाणा 5 के पावन सानिध्य में चातुर्मास प्रारम्भ होने से पूर्व रविवार श्री अणु स्वाध्याय भवन में प्रवचन के माध्यम से उपस्थित श्रावक श्राविका को प्रवचन के माध्यम से फरमाते हुये कहा 10 जुलाई से चातुर्मास प्रारम्भ हो रहे है इन चार मास मे यथा शक्ति ज्ञान,दर्शन,चारित्र,तप की आराधना करने की बात कही पूज्या मुक्ति प्रभाजी म.सा ने एक प्रसंग के माध्यम से चातुर्मास का महत्व बताया और कहा हीरे जवाहरात की चमक दिखने मे सभी को अच्छी लगती है परन्तु जो उनका महत्व समझते है उसका मूल्य चुका कर क्रय करते है बाकी तो देखकर रख देंगे वैसे हम भी धर्म आराधना रूपी हीरे जवाहरात की दुकान आपके समक्ष चातुर्मास में ला रहे है श्री वर्धमान स्थानकवासी श्रावक संघ के चातुर्मास समिति के अध्यक्ष प्रफुल गादिया ने जानकारी देते हुए बताया चार माह में तेला,उपवास,आयम्बिल,एकासन की लड़ी आरंभ की जावेगी साथ ही सुबह प्रार्थना एवम स्वाध्याय क्लास, प्रवचन एवम दोपहर में ज्ञान सिखना एवं शाम को प्रतिकमण की आराधना चलेगी संचालन संघ सचिव विपुल धोका ने किया।

## खरीफ मौसम की फसलों की स्थिति का जायजा लेने क्षेत्र का भ्रमण

रणजीत टाइम्स



पेटलावद। में खरीफ मौसम में 2025 अंतर्गत 189260 हैक्टेयर रकबा लक्षित हो कर 175.71 हैक्टेयर में बुआई कार्य सम्पन्न होकर शेष प्रचलित है। अद्यतन स्थिति में वर्षा का दौर जारी हैं।कलेक्टर नेहा मीना के सतत मार्गदर्शन में फसलों की स्थिति का जायजा लेने हेतु उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास श्री एन. एस. रावत के साथ कार्यालयीन सहायक संचालक कृषि एस.एस.रावत उपस्थित रहकर जिले के विकासखण्ड रामा, पेटलावद एवं थांदला का भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान रामा विकासखण्ड के ग्राम पालेडी खेडी फलिया आमलीपाडा, वान्यामुनकी के कृषक श्री मानसिंह पिता धूलिया मुनिया, श्री प्रेमसिह पिता रामसिह पलासिया, श्री करणसिह पिता जुवानसिह डामोर इत्यादी के खेतो में लगी फसल मक्का, सोयाबीन, कपास, अरहर, मूंगफली का अवलोकन किया गया। फसल अवलोकन के दौरान फसल स्थिति सामान्य होकर संतोषजनक है। भ्रमण के दौरान रूबरू चर्चा में कृषको को श्री रावत द्वारा बताया गया है कि खेत फसल का नियमित निरीक्षण करते रहे व खरपतवार इत्यादी से खेत को साफ रखे तथा कीटव्याधियों के प्रकोप की स्थिती में अनुशंषित कीटनाशक का उचित मात्रा में घोल बनाकर छिड़काव करे। खरीफ फसलों में लगने वाले कीटव्याधियों के प्रकोप नियंत्रण हेतु कृषकों के लिए उपयोगी समसामयिक सलाह भी दी जाती है,जो इस प्रकार है:-जिन किसान भाईयों के खेत में सोयाबीन, उड़द की फसल में पीला मौजेक का प्रकोप देखा गया हो, वह इसके नियंत्रण हेतु प्रारंभिक अवस्था में ही अपने-अपने खेत में जगह-जगह पर पीला चिपचिपा ट्रेप लगाए, जिससे इसका संक्रमण फैलाने वाली सफेद मक्खी के नियंत्रण में सहायता मिलें। साथ ही पीला मोजेक ग्रसित पौधे को अपने खेत से निकाल कर नष्ट करें।

सोयाबीन, कपास की फसल में फफूँद जनित एंथ्रेकनोज तथा राइजोक्टोनिया एरियल ब्लाईट नामक बीमारी का प्रकोप होने पर टेबुकोनेझोल 625 एम.एल. प्रति हैक्टेयर या टेबुकोनेझोल+सल्फर 1 कि.ग्रा. प्रति हैक्टेयर या हैक्साकोनेझोल 5 प्रतिशत ई.सी. 800 एम. एल. प्रति हैक्टेयर के मान से छिडकाव करें।मक्का फसल में फॉल आर्मीवर्म के नियंत्रण हेतु क्लोरपायरीफॉस 20 ई.सी. या ईमामेक्टिन बेन्जोएट 5 ई.सी. 04 ग्राम/10 मि.ली याथायोमेथाक्झम+लैम्बाडासायहेलोथ्रिन 0.5 एम.एल. प्रति लीटर पानी में उचित घोल बनाकर छिडकाव करें।

कपास की फसल में रस चूषक कीट एफिड का प्रकोप होने पर एसीटामेप्रिड दवा का 10 मिली प्रति स्प्रे पंप के मान से घोल बनाकर छिडकाव करने की सलाह दी जाती है।जिन क्षेत्रों में अधिक वर्षा में जल भराव की स्थिति है, वहाँ शीघ्रातिशीघ्र नाली बना कर जल निकासी की व्यवस्था करें।अपील विभाग द्वारा किसान भाईयो से यह अपील की जाती है कि अपनी फसल पर निरन्तर निगरानी रखें व समय-समय पर कीट नियंत्रण हेतु सामूहिक रूप से प्रयास करें तथा अनुशंषित कीटनाशक दवा का उचित घोल बना कर छिडकाव करे। वर्षा ऋतु के दौर में ढलाव वाले (निचले स्तर) खेतों में जल भराव की स्थति बनने पर उचित जल निकास हेतु नाली बनवाये। अधिक जानकारी के लिए कृषि विज्ञान केन्द्र एवं नजदीकी कृषि कार्यालय से सम्पर्क करें एवं मैदानी अमलों से उचित मार्गदर्शन ले।

## नगर परिषद सीएमओ द्वारा नगर भ्रमण कर साफ सफाई व्यवस्था का अवलोकन

रणजीत टाइम्स

राजगढ़ । नगर परिषद राजगढ़ सीएमओ श्रीमति ज्योति सुनारिया द्वारा नगर में भ्रमण कर झाड़ू साफ सफाई किए जाने वाली सफाई कर्मचारी महिलाओं के कार्य का औचक निरीक्षण किया गया । जिसमें निरीक्षण के दौरान सीएमओ द्वारा स्वच्छता प्रभारी एवं दरोगा को निर्देशित करते हुए सख्त निर्देशित किए गए कि नगर में आवारा पशुओं की संख्या अधिक बढ़ गई है जिससे आमनागरिकों को यातायात में काफी समस्या होती हैं एवं पशुओं को पकड़ने की कार्यवाही लगातार की जाकर पशुओं को गोशाला में सुरक्षित छोड़े जाने हेतु निर्देशित किए । साफ सफाई को लेकर सीएमओ ज्योति सुनारिया द्वारा सभी वार्ड दरोगाओ को भी आवश्यक निर्देश दिए की वर्षा ऋतु प्रारंभ हो गई है जिसे देखते हुए सभी नाले नालियों की गाद/




साफ सफाई निरन्तर करवाए जिससे कही भी जल जमाव की स्थिति न बने एवं सफाई कर्मचारियों को भी सुरक्षा उपकरणों के साथ कार्य किए जाने हेतु निर्देश दिए एवं नगर के आम नागरिकों से भी अपील की गई की अपने घरों से निकलने वाले गिले कचरे को रोड नाली आदि पर न फेंके कचरा कचरा संग्रहण वाहन में ही डालें ।

साथ ही नगर परिषद राजगढ़ द्वारा आज नगर के मेला मैदान स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत स्वच्छता अपनाओ बीमारी भगाओ अभियान के तहत निकाय की सहयोगी संस्था स्टार वेस्ट मैनेजमेंट एंड सर्विसेस के कर्मचारियों द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया जिसमें विद्यालय की छात्राओं को अपने स्कूल परिसर एवं घरों के आस पास साफ सफाई रखे जाने हेतु समझाया गया व शपथ दिलवाई गई । इस दौरान निकाय के स्वच्छता नोडल श्री अर्जुन चोयल,स्वच्छता शाखा प्रभारी श्री देवेंद्र मालवीय,वार्ड दरोगा श्री अर्जुन झुझे,श्री प्रवीण झुंझे आदि उपस्थित रहे ।

## कई जगह होई कचरा डालने पर कार्रवाई

रणजीत टाइम्स

इंदौर । इंदौर नगर निगम स्वास्थ्य विभाग प्रभारी अपर आयुक्त अभिलाष मिश्रा के आदेशानुसार वर्षा ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए इंदौर शहर में जगह-जगह जल जमाव से निपटने,नदी नालों हेतु विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है। किंतु इस बीच कुछ ऐसे अवांछनीय तत्व भी हैं।जो निगम प्रशासन द्वारा किए जा रहे सतत सफाई अभियान में रोड़ा उत्पन्न कर रहे हैं। झोंन क्रमांक 1 के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 9 में बेक लाइन में कचरा फेंकने तथा गंदगी करने वाले रहवासियों को



चिन्हित का 3800 रुपए तथा नाले किनारे कचरा फेंकने वालों को चिन्हित कर उन पर 13,000 रुपए की स्पॉट फाइन की कार्यवाही की गई तथा वहीं इसी क्रम में झोन क्रमांक 1 की टीम द्वारा निरीक्षण के दौरान यह पाया कि वॉर्ड क्रमांक 16 के अंतर्गत वंदना नगर में एक बिल्डिंग में रहने वाले किराएदारों द्वारा कचरा कॉलोनी में आने वाली कचरा गाड़ी में नहीं डालकर खुले मैदान में तथा खाली प्लाटों में फेंका जा रहा था संबंधित मकान मालिक तथा उनके किराएदारों को चिन्हित कर मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक विवेक यादव ,पंकज सिंह राठौर द्वारा 5000 रुपए की चालानी कार्रवाई गई की गई। साथ ही सभी रहवासियों को यह समझाइए भी दी गई कि आगे से कचरा आपके क्षेत्र में आने वाली कचरा गाड़ी में ही डाले। कहीं पर भी अन्यत्र कचरा नहीं फेंके। इस कार्यवाही में एनजीओ बेसिक्स के झोंन इंचार्ज पवन राजपूत सहित वॉर्ड 9 के दरोगा राजेश चंदेले,गोकुल गोसर एवं वॉर्ड 16 के दरोगा विशाल कंडारे तथा एनजीओ बेसिक्स टीम के सदस्य उपस्थित थे।

## साधु और श्रावक दोनों भूल करे तो संघ सुधारे : हार्दिक हुंडीया प्रसिद्ध जैनाचार्य हितेश चंद्र को राष्ट्रीय संत की पदवी की घोषणा







### मंगल प्रभात लोढ़ा , हार्दिक हुंडीया और पृथ्वीराज कोठारी का सम्मान

**रणजीत टाइम्स**

मुंबई । साधु भूल करे तो श्रावक सुधारे और श्रावक भूल करे तो साधु सुधारे, लेकिन दोनों भूल करे तो कौन सुधारे ? ये सवाल का जवाब मुजे तीन थॉय के गच्छाधिपति परम पूज्य हितेश चंद्र विजय जी महाराज के कमाठी पूरा चातुर्मास के प्रवेश में मिला । ये बात कहते हुये जैन समाज के अग्रणी हार्दिक हुंडिया ने बताया कि इनका जवाब संघ है । जैन धर्म में संघ महान है । इनकी रचना तीन लोक के नाथ देवाधिदेव परमात्मा भगवान महावीर स्वामीजी ने की थी । परम कृपालु परमात्मा के अनमोल संदेश सवी जीव करू शासन रशी की उत्कृष्ट भावना भाने वाले हितेश चंद्र विजय , निलेश चंद्र विजय अन्य मुनि महाराज , साध्वीजी महाराज चातुर्मास के लिये पधारे है । कमाठीपुरा संघ ने भव्य चातुर्मास प्रवेश कराया । हार्दिक हुंडिया ने कहा कि चार महीना धर्म ध्यान करके पुण्य कमाने का अनमोल अवसर है । हितेश विजय जी के शिष्यों में धर्म प्रति जो खुमारी है वो वंदनीय है । नीलेश चंद्र विजय इनकी अनमोल पहचान है । धर्म में कहा भी अन्याय होता है तो निलेश चंद्र विजय वहाँ पहोच के आवाज़ उठाते है । हार्दिक हुंडीया ने कहा की ख़ुद की आत्मा के कल्याण के साथ साथ हमारी आत्मा का भी कल्याण करने वाले , जिनके नाम में भी सभी का हीत है , ईश्वर के आराधक भी है ऐसे महान संत को राष्ट्रीय संत की पदवी जल्द गाजे बाजे के साथ सकल संघ की हाजरी में दी जायेगी । महाराष्ट्र के मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा , मोहन खेड़ा ट्रस्ट के अग्रणी सुजानमल शेठ , पृथ्वीराज कोठारी , हार्दिक हुंडिया का सम्मान किया गया । डीसा के प्रसिद्ध बेंड अजंता बेंड , संगीत कार नरेंद्र वाणी गोता ने भक्ति के साथ संचालन भी किया था । रमेश शाह , चंपालाल वर्धन , मंजू लोढ़ा और देश के कई राज्यो से भक्तों ने चातुर्मास प्रवेश में हाजरी दी थी ।

# पुलिस ने किया अंधेकत्ल का पर्दाफाश

## घटना मे शामिल 04 आरोपियों को गिरफ्तार मास्टरमाइन्ड मृतक जिस शोरूम पर काम करता था उसका है मालिक

### ट्रैक्टर शोरूम मालिक के मृतक की महिला मित्र से थे अवैध संबंध

**रणजीत टाइम्स**

खरगोन 02 आरोपियों को 01-01 लाख व तीसरे को 50 हजार मे दी थी मारने की सुपारी मृतक को ग्राहक बन कर आरोपीयो ने बुलाया था पैसे लेने, सुनसान जगह पालोना के जंगल गमछे से गला दबा कर की थी हत्या पुलिस टीम ने कड़ी से कड़ी जोड़ कर किया घटना मे शामिल आरोपियों को गिरफ्तार।




### घटना का संक्षिप्त विवरण

रविवार को चौकी हेलापडावा पर सूचना प्राप्त हुई कि, बांस वृक्षारोपण वन विभाग का जंगल ग्राम पलोना मे एक व्यक्ति मृत अवस्था मे पड़ा हुआ है जिसके गले मे गमछा डाला हुआ है । सूचना प्राप्त होने पर तत्काल मर्ग क्रमांक 32/25 धारा 194 BNSS का पंजीबद्ध कर जांच मे लिया गया ।

प्राप्त सूचना पर पुलिस टीम को तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना किया व घटनास्थल पर पहुँच कर वहाँ आसपास सर्चिंग के दौरान पुलिस टीम को एक मोबाईल व एक मोटर साइकल खड़ी दिखाई दी । आसपास के लोगों से पूछताछ करने पर किसी भी व्यक्ति के द्वारा मृतक की पहचान नहीं हो पा रही थी । पुलिस के द्वारा मृतक के फोटो को सोशल मीडिया के माध्यम से भी प्रसारित किया गया व मौके पर मिले साक्ष्यों के आधार पर मृतक की पहचान चेतन पिता राजेन्द्र आमोदकर उम्र 32 वर्ष निवासी म.नं. 120 नवनीत नगर, अमरावती रोड, नागपुर हाल अक्षरधाम कॉलोनी बुरहानपुर का होना पाया गया । परिस्थितिजन्य साक्ष्यों के आधार पर प्रतित हुआ कि, मृतक का किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा गला घोंट कर हत्या कर दी गई है ।

हत्या की घटना की गंभीरता को देखते हुये पुलिस अधीक्षक खरगोन श्री धर्मराज मीना के निर्देशन में एवं अति. पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) श्रीमति शकुन्तला रुहल व अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) अनुभाग भीकनगाँव राकेश आर्य एवं थाना प्रभारी चैनपुर निरीक्षक श्री नाथुसिंह रंधा व चौकी प्रभारी हेलापडावा उनि रमेशचन्द्र गेहलोत के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया जाकर उक्त हत्या की घटना मे शामिल आरोपी को शीघ्र से शीघ्र गिरफ़्तारी करने हेतु निर्देशित किया गया था वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर जिला खरगोन से एफएसएल टीम, फिंगरप्रिन्ट टीम, सायबर सेल टीम व डॉग स्क्वाड के द्वारा भी घटना स्थल पर निरीक्षण कर मत्वपूर्ण साक्ष्यों का संकलन किया गया साथ ही गठित पुलिस टीम के द्वारा मृतक के बैकग्राउंड व बुरहानपुर से घटनास्थल तक आने की कहानी को जाना। विवेचना के दौरान पुलिस टीम को जानकारी मिली कि, मृतक बुरहानपुर मे एक ट्रैक्टर शोरूम मे काम करता है व वही काम करने वाली अपनी महिला मित्र के साथ रहता है । प्राप्त जानकारी के आधार पर पुलिस टीम के द्वारा मृतक की महिला मित्र से जानकारी जुटाई गई जिसमे पुलिस टीम को पता चला कि मृतक चेतन दिनांक 05.05.25 को किसी ग्राहक जिसे ट्रैक्टर खरीदना था उसका फोन आने पर उससे मिलने के लिए गया था जो वापस नहीं आया है । प्राप्त जानकारी के आधार पर पुलिस टीम के द्वारा ग्राहक की जानकारी जुटाई गई जिसमे जानकारी मिली कि चंदन नाम का व्यक्ति ही ग्राहक है और मृतक चेतन उसी से से मिलने के लिए निकला था । प्राप्त जानकारी के आधार पर पुलिस टीम ने चंदन की तलाश की व उसे अभिरक्षा मे लिया जिसने पुलिस को पूछताछ मे मृतक चेतन को सावंत उर्फ रितेश, खुमसिंग एवं संजय के साथ मिलकर हत्या करने की घटना को स्वीकार किया । पुलिस टीम के द्वारा चंदन से प्राप्त जानकारी के आधार पर सावंत उर्फ रितेश, खुमसिंग एवं संजय को गिरफ्तार किया गया है जिन्होंने उक्त हत्या की घटना को कारित करना स्वीकार किया गया है । आरोपियों को माननीय न्यायालय पेश किया जा रहा है ।

### हत्या करने का कारण

घटना के मुख्य मास्टरमाइन्ड सावंत उर्फ रितेश ने पुलिस को बताया कि, बुरहानपुर शहर में उसका एक ट्रेक्टर का शोरूम है जिसपर मृतक चेतन और उसकी महिला मित्र काम करते थे । मेरा चेतन की महिला मित्र से प्रेम प्रसंग हो गया था व हम अकेले मे मिलने लगे थे जिसकी जानकारी चेतन को लग गई थी । मुझे लगा कि चेतन मुझे बदनाम कर देगा और समाज में मेरी छवी खराब कर देगा इस कारण मैने उसकी हत्या करने की योजना बनाई । इस योजना मे मैंने मेरी जान पहचान के खुमसिंग और चंदन को शामिल किया और काम हो जाने पर दोनों को 01-01 लाख रुपये देने की बात कही जिसमे दोनों राजी हो गए थे। योजना के अनुसार चंदन ने चेतन को ग्राहक बन कर ग्राम गाडम्बाम के आगे जंगल में बुलाया, मैं अपनी मोटर साइकल से खुमसिंग को साथ लेकर चंदन से मिला और रास्ते मे हमे एक संजय नाम का व्यक्ति मिला जो खुमसिंग का रिश्तेदार था जिसे भी 50 हजार रुपये मे साथ मे शामिल कर लिया । योजना के अनुसार चंदन और संजय एक मोटर साइकल पर चेतन से मिले, चेतन अपनी मोटरसाइकल से आया हुआ था जिसके बाद चंदन और चेतन एक मोटर साइकल से हो गए । पैसे देने के बहाने हम उसे अंदर जंगल में लेकर गए पीछे से मैं और खुमसिंग भी आ गए जिसके बाद हम चारों ने मिलकर चेतन को पकड़ कर उसके ही गमछे से उसका गला दबा कर उसकी हत्या कर दी ।

### पुलिस टीम -

उक्त प्रकरण मे एसडीओपी भीकनगाँव राकेश आर्य के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी चैनपुर निरीक्षक नाथुसिंह रंधा व चौकी प्रभारी हेलापडावा उनि रमेशचन्द्र गेहलोत के नेतृत्व में सउनि चन्द्रकांत महाजन, चौकी हेलापडावा, आर 645 धमेन्द्र यादव, आर 950 रितेश पटेल, आर 649 शशांक चौहान, आर 304 राहुल आटपाटकर, सायबर सेल खरगोन से आर 696 सचिन चौधरी का विशेष योगदान रहा ।

# इंदौर में संपन्न हुई प्रथम डिस्ट्रिक्ट रायफल शूटिंग चैम्पियनशिप, वीर रायफल क्लब ने बटोरे 28 मेडल

**रणजीत टाइम्स**

**इंदौर । इंदौर के प्रतिष्ठित डेली कॉलेज में 1 जुलाई से 5 जुलाई तक आयोजित की गई प्रथम डिस्ट्रिक्ट रायफल शूटिंग चैम्पियनशिप में जिलेभर के युवा निशानेबाजों ने शानदार उत्साह के साथ भाग लिया।**



इस पांच दिवसीय प्रतियोगिता में 22 से अधिक स्कूलों और शूटिंग क्लबों के 500 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लेकर अपने निशानेबाजी कौशल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में वीर रायफल क्लब के 65 खिलाड़ियों ने भाग लेकर शानदार प्रदर्शन किया और कुल 28 मेडल (8 गोल्ड, 9 सिल्वर, 6 ब्रॉन्ज) हासिल किए। क्लब के लिए सबसे ज्यादा मेडल जीतने वाले खिलाड़ियों में वीर हंस शर्मा, रसिका भदौरिया, अंस कनकने, किंजल अहिरवार, आशीष जैकब, पुष्पेंद्र चौहान, अंजनी शर्मा, भावना गौर और नूपुर सोनी प्रमुख रहे। क्लब के कोच सतीश शर्मा ने सभी विजेता प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता उनकी निरंतर मेहनत और अनुशासन का परिणाम है। उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले समय में खिलाड़ी राज्य और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भी इंदौर का नाम रोशन करेंगे। यह चैम्पियनशिप इंदौर में निशानेबाजी खेल को नई दिशा देने वाली साबित हुई, साथ ही युवाओं के बीच इस ओलंपिक खेल के प्रति बढ़ती रुचि को भी उजागर किया। आयोजकों ने इसे हर वर्ष आयोजित करने की योजना भी जताई है।

# एसडीएम साहु ने उपजेल पोधा रोपण किया

**रणजीत टाइम्स**



खाचरोद। एसडीएम नेहा साहू उपजेल चौकी पहुची। जहा जेल परीसर में बरसात के समय वहां की व्यवस्था व कैदियों के रहने खाने की व्यवस्था को देखा व कुछ आवश्यक सुधार के निर्देश जेलर सुरेंद्र सिंह राणावत को दिए। जेल प्रशासक के रूप में नेहा साहू ने उपजेल परिसर खाचरोद में 100 पौधे फलदार, एवं छायादार पौधे लगाकर जेल अधिकारी, जेल प्रहरीयो व कैदियों को पौधे को बड़ा होने की जीम्मेदारी के साथ पर्यावरण के महत्व भी बताया। सब जेल खाचरोद पर वृक्षारोपण में सुरेंद्र सिंह राणावत सहायक जेल अधीक्षक,एवं जेल कर्मचारी गणपतसिंह, संजय पारगी, सुरेंद्र, दीपक, श्याम, राजेंद्र,शांतिलाल आदि उपस्थित रहे।

# सादगी व सेवा की भावना से मनाया गया विधायक श्री श्याम बर्डे का जन्म दिवस

**रणजीत टाइम्स**



खेतिया । रविवार को पूरे क्षेत्र में सादगी सेवा और आत्मीयता की वातावरण में हर्ष से विधायक श्याम बर्डे का जन्मदिन मनाया गया। सुबह से ही उनके निवास स्थान पर बधाई देने वालों की भीड हुई। क्षेत्र की कोने-कोने से शुभकामनाएं देने का सिलसिला दिन भर चलता रहा। सामाजिक संगठन, कार्यकर्ताओं, युवाओं ,महिलाओं और बुजुर्गों ने पुष्पगुच्छ,पुष्पहार और मिठाई के साथ विधायक बर्डे को जन्म दिवस की शुभकामनाएं दी और उनके उत्तम स्वास्थ्य व सफलजीवन की कामना की। विधायक का जन्मदिवस आज सेवा दिवस के रूप में मनाते हुए क्षेत्र में विविध सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए गए जिनमे केबिनेट मंत्री का दर्जा प्राप्त राष्ट्रीय अनुसूचित जनजातियों आयोग के अध्यक्ष अन्तरसिंहजी आर्य,राज्यसभा सांसद सुमेरसिंह सोलंकी,पूर्व मंत्री प्रेमसिंह पटेल,जिला भाजपा अध्यक्ष अजय यादव,जिले के भाजपा के वरिष्ठ नेता, जिला मंत्री सचिन चौहान,राम सोनवणे,दिलीप माली,नंदू जैन,नप अध्यक्ष दशरथ निकुम,पार्षद सचिन पटेल,सूर्यकांत एसिकर,कपिल शाह, मंडल अध्यक्ष रामचन्द्र सोनिस सहित अनेको कार्यकर्ताओं, महिला शक्ति की उपस्थिति में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये,इनमें भोजन वितरण, वृक्षारोपण रक्तदान शिविर तथा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर शामिल रहे इन योजना में युवाओं और सामाजिक संगठनों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। अपने उद्बोधन में विधायक श्याम बर्डे ने कहा मैं आप सभी की प्रेम स्नेह और विश्वास के लिए हृदय से आभार प्रकट करता हूं यही मेरा संबल है और मैं निरंतर क्षेत्र के विकास और जन सेवा के लिए समर्पित रहूंगा। कार्यक्रम में उमड़ी भारी भीड़ और हर गली मोहल्ले में विधायक जी की समर्थन में उत्साह और प्रसन्नता का वातावरण देखा गया।

# जैन समाज ने सांसद जी का आभार व्यक्त किया

**रणजीत टाइम्स**

इंदौर । इंदौर प्रवास के दौरान इलाहाबाद लोकसभा से माननीय सांसद उज्जवल रमण सिंह से रेडीसन होटल में जैन समाज एवं विश्व जैन संगठन ने मुलाकात कर उनका स्वागत अभिनन्दन किया और जैन समाज के मुद्दों पर चर्चा की। धर्म समाज प्रचारक राजेश जैन ने बताया कि सांसद द्वारा निरंतर जैन धर्म और समाज के हितार्थ सांसद में समाज हित में आवाज उठायी जाती रहती है। हाल ही में आपके द्वारा गिरनार पर्वत पर



जैन समाज के अधिकारों को लेकर 16 दिसंबर 2024 को लोकसभा में प्रकरण उठाया गया था। और आपने लोकसभा में कहा भी था कि जैन तीर्थ गिरनार पर जैन समाज का ही अधिकार है आपके द्वारा 27 जून 2025 को मुख्यमंत्री गुजरात सरकार को पत्र लिखकर गिरनार पर्वत पर जैन अनुयायियों के सुरक्षित दर्शन पूजन वंदना व पांचवी टोंक पर निर्वाण लाडू अर्पण करने की समुचित सुरक्षा व्यवस्था करने हेतु गुजरात सरकार से अनुरोध किया गया था। दद्दू ने कहा कि आपके पिता गंगा पुत्र कुंवर रेवती रमण सिंह जी द्वारा 29 मार्च 2022 को सबसे पहले जैन समाज की आस्था का केन्द्र शिखरजी का प्रकरण राज्य सभा में उठाया गया था। इसलिए आज समाज एवं विश्व जैन संगठन द्वारा समाज की तरफ से मयंक जैन, नकुल पाटोदी, देवेन्द्र सेठी, पारस जैन, राहुल जैन, आकाश जैन, ओम् पाटोदी आदि ने मिलकर कर सांसद महोदय का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मंयक जैन ने कहा कि जैन समाज आप दोनों पिता पुत्र का सदैव आभारी रहेगा।

# मराठी और महाराष्ट्र के हित के लिए

## वह और राज ठाकरे सदैव एक साथ रहेंगे - शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे

मुंबई । शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने कहा कि मराठी और महाराष्ट्र के हित के लिए वह और राज ठाकरे सदैव एक साथ रहेंगे । महाराष्ट्र में भाषा विवाद के बीच शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने शनिवार को घोषणा की है कि मराठी और महाराष्ट्र के हित के लिए वह और राज ठाकरे साथ रहेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य में हिंदी थोपे जाने को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। शिव सेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने शनिवार को अपने बयान में कहा कि वे महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) प्रमुख राज ठाकरे के साथ मिलकर मराठी भाषा, मराठी मानुष और महाराष्ट्र के संरक्षण के लिए एकजुट हैं और यह एकजुटता की केवल एक शुरुआत है। बालासाहेब ठाकरे के महाराष्ट्र के सपने को पूरा करने के लिए वे भविष्य में एक साथ रहेंगे।




शिव सेना (यूबीटी) और मनसे की ओर से संयुक्त रूप से आयोजित 'विजय रैली' में उद्धव ने कहा, "हमारे बीच की दूरी को मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने खत्म किया। अब मैं उम्मीद करता हूं कि वे हमें बांटने की कोशिश नहीं करेंगे। हम साथ रहने के लिए एक साथ आए हैं।" उन्होंने यह भी कहा कि महाराष्ट्र में हिंदी भाषा को जबरन थोपने को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उद्धव ने भाजपा पर तीखा हमला बोला और आरोप लगाया कि वे अपने सहयोगियों का इस्तेमाल सिर्फ अपने फायदे के लिए करते हैं। उन्होंने कहा, "मेरे पिता ने इस पाखंड के खिलाफ लड़ाई लड़ी थी। अब हम दोनों (उद्धव और राज) मिलकर भाजपा को सत्ता से बाहर करेंगे। भाजपा का काम इस्तेमाल करना और फेंकना है। अगर बालासाहेब ठाकरे का आशीर्वाद भाजपा पर नहीं होता, तो ये लोग कहां होते ?" उन्होंने भाजपा के उन आरोपों का भी जवाब दिया, जिसमें कहा गया था कि उन्होंने हिंदुत्व छोड़ दिया। उद्धव ने कहा, "हमने न तो हिंदुत्व छोड़ा है और न ही मराठी गौरव के लिए लड़ने का संकल्प। हिंदुत्व किसी एक भाषा का एकाधिकार नहीं है। हम, जो शुद्ध मराठी बोलते हैं, आपसे ज्यादा देशभक्त हिंदू हैं।" उन्होंने आगे कहा कि जब वे मुख्यमंत्री थे, तब मराठी भाषा को अनिवार्य किया गया था और मराठी भवन का निर्माण शुरू हुआ था। हालांकि, उन्होंने दावा किया कि देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व वाली सरकार ने इसे बाद में रद्द कर दिया।

मुख्यमंत्री फडणवीस की चेतावनी का जिक्र करते हुए उद्धव ने कहा, "अगर महाराष्ट्र में कोई मराठी व्यक्ति न्याय मांगता है और आप उन्हें गुंडा कहते हैं, तो हम गुंडे हैं। मुंबई हमारा अधिकार है, हमने इसके लिए लड़ाई लड़ी और इसे हासिल किया। हमने कश्मीर में धारा 370 हटाने का समर्थन किया था। हम हिंदी को जबरन नहीं थोपते, लेकिन अगर कोई महाराष्ट्र में मराठी का विरोध करेगा, तो उसका जवाब दिया जाएगा।"

उन्होंने भाजपा और शिवसेना पर तंज कसते हुए कहा, "कुछ लोग कहते हैं कि उनका 'एम' मराठी का नहीं, बल्कि म्युनिसिपल कॉरपोरेशन का 'एम' है, लेकिन हमारे लिए 'एम' का मतलब महाराष्ट्र है।" उन्होंने कहा, "सत्ता आती-जाती रहती है, लेकिन एकता ही ताकत है।" उद्धव ने भाजपा के चुनावी नारे 'बटेंगे तो कटेंगे' की भी आलोचना की और उन पर मराठी लोगों के बीच फूट डालने का आरोप लगाया।

दैनिक रणजीत टाइम्स

जिला एवं तहसील स्तर पर

एजेंसी देना है

अपना बायोडाटा सम्पूर्ण विवरण के साथ हमें प्रेषित करें।

सम्पर्क करें

8224951278 :: 9827068888

जन्मदिन की

अग्रिम शुभ सूचना

"रंजीत टाइम्स" में अब आप अपने या अपने प्रियजनों का जन्मदिन एक दिन पहले ही निशुल्क प्रकाशित करवा सकते हैं!

बस हमें भेजिए: 1 जन्मदिन मनाने वाले की फोटो

2 उसका पूरा नाम- 3 बधाई देने वाले का नाम जन्मदिन के एक दिन पहले ही विज्ञापन भेज दें, ताकि समय रहते प्रकाशित किया जा सके।

भेजने का नंबर (Aditya): 8224951278

रंजीत टाइम्स में आपका विज्ञापन पूरी तरह मुफ्त प्रकाशित किया जाएगा!
अपने जज़्बातों को शब्द दें – सिर्फ रंजीत टाइम्स के साथ।
टीम रंजीत टाइम्स- "आपका अपना अख़बार, आपकी आवाज़"

रणजीत टाइम्स